मिल गए जो आप भगवन

मिल गए जो आप भगवन,
खुशीयो से भरा जहां मिला,
है पाँव नहीं धरती पर उड़ने को खुला आसमा मिला,
मिल गए जो आप भगवन.....

रूहानी रंग में रंगे पंख सुनहरे पाए है,
सारे जग के कष्ट मिटने धरती पर प्रभु आये है,
तारो के भी पार वतन में,
चलने का पथ आसान मिला,
है पाँव नहीं धरती पर उड़ने को खुला आसमान मिला,
मिल गए जो आप भगवन हमें.....

तेरी मीठी तान सुनी तब ज्ञान की मीठी बातो में,
झर झर झरते सुख के झरने प्रभु याद की इन बरसातों में,
फल गये है पुण्य जन्मो जन्म के,
कल्याण का है वरदान मिला,
है पाँव नहीं धरती पर उड़ने को खुला आसमान मिला,
मिल गए जो आप भगवन हमें.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27478/title/mil-gaye-jo-aap-bhagwan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |